आकाशवाणी जयपुर-अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 30.08.2026 समय: 18.30 पीएम

- भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच विभिन्न क्षेत्रों में 11 समझौतों पर हस्ताक्षर-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उज़्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में विचार साझा किये-नशा मुक्त समाज के लिए लोगों से आगे आने का आह्वान।
- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का कल आखिरी दिन-राजनीतिक दलों में प्रत्याशी चयन का काम अंतिम दौर में।
- राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने मतदान तैयारियां का जायज़ा लिया-निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के निर्देश दिये।

000

भारत और उज़्बेकिस्तान ने आज खनन, आयुर्वेद, पर्यटन, आर्थिक और वित्तीय संवाद, व्यापक और रणनीतिक साझेदारी, उच्च शिक्षा और पर्यावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किये। दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेव की उपस्थिति में ताशकंद में ये एमओयू हुए। दो दिन की यात्रा पर उज़्बेकिस्तान पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान ओली दराजली दुस्तलिक ऑर्डर भी प्रदान किया गया। दोनों देशों के बीच सहयोग को प्रगाढ करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य और प्रयासों के लिए श्री मोदी को यह सम्मान मिला है। उज़्बेक राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश उन्नत साझेदारी के ढांचे के भीतर ठोस लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ेंगे। श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की 15वीं वर्षगांठ और उज्बेकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस की 35वीं वर्षगांठ के संयोग पर भी खुशी जताते हुए वहां के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशा मुक्त युवा फोर विकसित भारत अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के 137वें एपीसोड में श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता जतायी कि नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि भारत के युवाओं के स्वास्थ्य, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प है। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों की सराहना करते हुए लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा तैयार करने और युवा संगीतकारों से ऐसे गीत बनाने को कहा जो नशा मुक्त जीवन का संदेश दें। प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान में देशवासियों के बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर खुशी जताते हुए कहा कि इसने देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले दिनों में त्यौहारों पर वोकल फॉर लोकल का मंत्र एक बार फिर याद दिलाते हुए कहा कि इसका मतलब सिर्फ यह नहीं है कि देशवासी केवल मिट्टी के दीए खरीदें। उन्होंने कहा कि भारत का आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भारत में बने उत्पादों पर गर्व करने से ही प्रशस्त होगा।

-------------------

प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रदेश में इस बार भी लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की प्रदेश में व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निवास पर प्रदेशभर से आईं महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' को सुना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम से देश के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री के सपने को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

000

नीट पीजी 2026 परीक्षा आज जयपुर के दो केन्द्रों पर बिजली व्यवधान के चलते आयोजित नहीं हो सकी। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जॉमिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने प्रभावित उम्मीदवारों के लिए 5 सितंबर को दोबारा ये परीक्षा आयोजित करवाने की घोषणा की है। नये परीक्षा केन्द्र के संबंध में अभ्यर्थियों को अलग से सूचित किया जाएगा। प्रभावित अभ्यर्थियो को संशोधित प्रवेश पत्र भी जारी किए जाएंगे। नीट पीजी 2026 परीक्षा आज देशभर के 11 सौ से अधिक केन्द्रों पर आयोजित की गई, जहां 2 लाख 65 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने ये परीक्षा दी। नीट पीजी के लिए राज्य में 12 जिलों में 48 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे।

000

प्रदेश में 309 नगरीय निकाय चुनाव के लिए कल नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। 1 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 3 सितम्बर तक अपने नाम वापिस ले सकेंगे। इसके बाद ही चुनाव मैदान की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। 4 सितम्बर को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। प्रदेशभर के 10 हजार 245 वार्डों के लिए अब तक 13 हजार से अधिक नामांकन भरे जा चुके हैं। इस बीच, भाजपा और कांग्रेस से टिकट चाहने के इच्छुक दावेदार जी जान से अपने पक्ष में समर्थन के लिए जुटे हैं। अब तक दोनों ही पार्टियों ने उम्मीदवार चयन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि कल दोपहर से पहले, राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रत्याशी को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये जाएंगे। गौरतलब है कि इन नगरीय निकायों के लिए दो चरण में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण का मतदान 9 सितम्बर होगा, वहीं 11 सितम्बर को दूसरे चरण के वोट डाले जाएंगे। मतगणना 14 सितम्बर को होगी। अध्यक्ष का चुनाव 21 सितम्बर को होगा।

000

राज्य में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरुकता के लिए चलाई जा रहीं स्वीप गतिविधियों के तहत इन दिनों कई नवाचार किये जा रहे हैं। रंगोली, मांडना और प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न माध्यमों से नागरिकों को मतदान के कर्तव्य के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बाड़मेर में कजली तीज को भी मतदान से जोड़ते हुए सत्तू के लड्डुओं की झांकी के जरिये मतदान का संदेश दिया गया।

---------------

स्वीप गतिविधियों के तहत आज कई जगह मतदाता जागरुकता दौड़ रखी गई। श्रीगंगानगर में इंदिरा वाटिका से शुरू हुई दौड़, मुख्य मार्गों और बाजारों से होकर गुजरी। दौड़ के जरिये मेरा पहला वोट-मेरी जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने दौसा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किये गये हैं और भयमुक्त तथा सुचारू चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

000

धौलपुर जिले के आंगई क्षेत्र के बिरजा गांव में आज सुबह पोखर में डूबने से चार लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के शिकार लोग हीरामन बाबा के दर्शन के लिए गये थे और नहाने के लिए पोखर में उतरे थे। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मृतकों के शव निकलवाकर परिजनों को सौंपे। उधर, उदयपुर के ओगणा में झाग गांव के पास आज दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उदयपुर के एमबी अस्पताल रैफर किया गया है।

000

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 88वें संस्करण में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में ब्रिक्स के सहयोग से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के साथ-साथ प्रदूषण और ट्रैफिक की समस्या कम करने में भी मददगार है। उन्होंने युवाओं से रोजाना कम से कम एक घंटा खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए देने की अपील की।

000